प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखा पत्र, कहा– भारत स्थिरता और संवेदनशीलता का बना प्रतीक, नक्सल प्रभावित जिलों में भी उत्साहपूर्वक माहौल।**
2. **राज्यभर में पुलिस स्मृति दिवस परेड आयोजित, शहीद पुलिसकर्मियों को दी गई श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शहीदों को किया नमन।**
3. **नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह के छठ घाटों का किया निरीक्षण, अधिकारियों को साफ–सफाई और लाइट व्यवस्था के दिए निर्देश।**
4. **मौसम विभाग ने राज्य 17 जिलों में 24 अक्टूबर को गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की जताई संभावना, येलो अलर्ट किया जारी।**
5. **चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियाँ अंतिम चरण में, खिलाड़ियों का एयरपोर्ट पर झारखंडी परंपरा के साथ किया जा रहा स्वागत।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। श्री मोदी ने दीपावली पर देशवासियों को लिखे पत्र में कहा कि भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दीपावली इसलिए विशेष है, क्योंकि पहली बार देश के उन दूर–दराज इलाकों सहित कई जिलों में भी उत्सव का महौल है, जहां कभी नक्सलवाद और माओवादी आतंक हुआ करता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत ने न केवल धर्म का पालन किया, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया।

****

आज पुलिस स्मृति दिवस है। उन्नीस सौ उनसठ में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस बहादुर पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सहित कई गणमान्य लोगों ने कर्मियों के बलिदान को याद किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अपने एक्स हैंडल पर देश और राज्य की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजधानी रांची समेत राज्य के सभी पुलिस केंद्रों में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके परिवारों का सम्मानित किया गया। रांची में झारखण्ड सशस्त्र पुलिस–1 परिसर स्थित परेड मैदान में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में झारखण्ड जगुआर के आरक्षी सुनील धान को भी याद किया गया, जो चाईबासा जिले में नक्सल अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में शहीद हुए थे। उधर चतरा पुलिस केंद्र में पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल की उपस्थिति में विशेष परेड और गार्ड ऑफ ऑनर आयोजित किया गया, साथ ही सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया।

****

राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी घाटों को दुरुस्त करने, लाइट व्यवस्था और सफाई सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए। मौके पर मंत्री ने कहा कि इस बार छठ महापर्व के आयोजन में पिछले साल से बेहतर व्यवस्था की जाएगी और व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

****

धनबाद जिले में 10 नवंबर से 26 नवंबर तक कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी पंचायतों, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर कुष्ठ रोग के मरीजों की पहचान की जाएगी। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

विश्व आयोडीन न्यूनता विकार दिवस के अवसर पर देवघर में आयोडीन युक्त नमक के उपयोग और स्वास्थ्य पर इसके महत्व को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सहिया और प्रशिक्षण प्रशिक्षुओं ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक किया और नारे लगाए। रैली के अंत में प्रतिभागियों को आयोडीन युक्त नमक के नियमित उपयोग की शपथ दिलाई गई।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। आज हम देश के ऑटो मोबाइल क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर चर्चा कर रहे हैं।

****

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले कुछ दिनों तक रांची, खूंटी, गुमला, हजारीबाग और रामगढ़ जैसे मध्यवर्ती जिलों में मौसम साफ रहेगा और तापमान सामान्य रहेगा। वहीं, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र बनने के कारण राज्य के मौसम में फिर से बारिश के नए दौर की संभावना है। मौसम विभाग ने झारखंड के 17 जिलों में 24 अक्टूबर को गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की तेज हवा चलने की संभावना जताई है और येलो अलर्ट जारी किया है।

****

रांची में 24 से 26 अक्टूबर तक चौथी साउथ एशियान सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भारत, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के करीब 300 अंतरराष्ट्रीय एथलीट, कोच और तकनीकी अधिकारी भाग लेंगे। इस के तहत भारतीय टीम के खिलाड़ी रांची एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उनका ढोल–नगाड़े और झारखंडी परंपरा के साथ स्वागत किया गया।

****

रांची में चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और छह देशों के 200 से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। 24 से 26 अक्टूबर तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय खेल का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे और दूरदर्शन पर इसका प्रसारण किया जाएगा। खेल निदेशक शेखर जमुआर ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि खिलाड़ियों का स्वागत एयरपोर्ट पर भव्य ढंग से किया जा रहा है और विभाग सभी तैयारियों में जुटा है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद तकनीकी टीम के लिए जर्सी लॉन्चिंग भी की गई।

****